# एक तिनका

---

Question 1.
लोग मूंठ क्यों देने लगे?
(a) जिससे कवि की आँख से तिनका निकल जाए।
(b) जिससे कवि की आँख में दर्द कम हो जाए।
(c) जिससे कवि की आँख दुखनी बंद हो जाए।
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 2.
कवि को तिनका निकलने पर किसने ताने दिए?
(a) उनकी पत्नी ने
(b) लोगों ने
(c) उनकी समझ ने
(d) उनके पिता जी ने

▼ Answer

Answer: (c) उनकी समझ ने

---

Question 3.
इस कविता से क्या शिक्षा मिलती है?
(a) हमें अपनी शक्ति पर अहंकार नहीं करना चाहिए।
(b) हमें सदा परिश्रम करना चाहिए।
(c) हमें सदा बड़ों का कहना मानना चाहिए।
(d) हमें शत्रु को शत्रु समझना चाहिए।

▼ Answer

Answer: (a) हमें अपनी शक्ति पर अहंकार नहीं करना चाहिए।

---

Question 4.
कवि के साथ क्या घटना घटी?
(a) कवि अचानक गिर पड़ा।
(b) कवि की आँख में तिनका गिर गया।
(c) कवि के लिए विवाह का प्रस्ताव आया।
(d) कवि ने सुंदर कविता लिखी।

▼ Answer

Answer: (b) कवि की आँख में तिनका गिर गया।

---

Question 5.
कवि घमंड में ऐंठा हुआ कहाँ खड़ा था?

(a) बीच रास्ते पर
(b) बाग में
(c) खेत में
(d) धर की मुंडेर पर

▼ Answer

Answer: (d) धर की मुंडेर पर

---

Question 6.
"तिनका' कविता के कवि कौन हैं?
(a) महादेवी वर्मा
(b) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(c) मीराबाई
(d) भवानीप्रसाद मिश्र

▼ Answer

Answer: (b) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित काव्याशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए

1. मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूंठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

जब किसी ढब से निकल तिनका गया,
तब 'समझ' ने यों तुझे ताने दिए।
ऐंठता तू किसलिए इतना रहा,
एक तिनका है बहुत तेरे लिए।

Question 1.
कवि घमंड से भरा कहाँ खड़ा था?
(a) मैदान में
(b) सड़क पर
(c) अपने घर की मुंडेर पर
(d) घर की बालकनी में

▼ Answer

Answer: (c) अपने घर की मुंडेर पर

---

Question 2.
उड़ता हुआ तिनका कहाँ आकर गिरा?

(a) घर की छत पर
(b) कवि की आँख में
(c) कवि के भोजन में
(d) कवि के बालों में

▼ Answer

Answer: (b) कवि की आँख में

---

Question 3.
कवि बेचैन क्यों हो उठा?
(a) क्योंकि उसके पेट में दर्द था
(b) क्योंकि उसके सिर में दर्द था
(c) क्योंकि उसके कान में दर्द था
(d) क्योंकि कवि की आँख में दर्द हो गया

▼ Answer

Answer: (d) क्योंकि कवि की आँख में दर्द हो गया

---

Question 4.
दबे पाँव भागने का अर्थ है
(a) बिना आहट के भाग जाना
(b) धीरे से खिसक लेना
(c) पाँव को दबाकर भागना
(d) 'क' और 'ख' दोनों कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) 'क' और 'ख' दोनों कथन सत्य हैं

---

Question 5.
'ढब' का अर्थ क्या है?
(a) तरीका
(b) एक तरफ होना।
(c) बायाँ हाथ
(d) मुश्किल से

▼ Answer

Answer: (a) तरीका

---